प्रारंभिक संबोधन

सत्र - 179

11 मार्च, 2015

अवधेश नारायण सिंह

सभापति

बिहार विधान परिषद्

माननीय नेता, सत्तारूढ़ दल

माननीय नेता, विरोधी दल

मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यगण

बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण

बिहार विधान परिषद् का 179वां सत्र प्रारंभ है। इस अवसर पर मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय संसदीय कार्य मंत्री एवं मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। बिहार विधान परिषद् के माननीय नेता-- विरोधी दल, विभिन्न दलों के माननीय नेतागण, माननीय सचेतकगण तथा इस सदन में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों का मैं हार्दिक स्वागत करता हूं, साथ ही, लोकतंत्र के प्रहरी प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकार-छायाकार बंधुओं का भी स्वागत करता हूं।

माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार जी के चौथी बार बिहार राज्य के मुख्यमंत्री बनने पर मेरी एवं सदन की ओर से बधाई। साथ ही, मंत्रिपरिषद् के सभी माननीय सदस्यों को भी बधाई।

बिहार विधान परिषद् का यह बजट सत्र कुल 27 बैठकों का है। इस लंबे सत्र में लोकहित तथा राज्य के सर्वांगीण विकास से संबंधित अधिक से अधिक विषयों को सदन के पटल पर लाया जाए, ऐसा प्रयास किया जाएगा। आशा है कि माननीय सदस्यगण अपनी सक्रिय भागीदारी द्वारा इस सत्र को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

पिछले दिनों लखनऊ में संपन्न अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों के सम्मेलन में 'पेपरलेस पार्लियामेंट' विषय पर गंभीर चर्चा हुई। विधान परिषद् सचिवालय में इस कार्य पद्धति को लागू करने के लिए मैं गंभीरता से विचार कर रहा हूं।

पिछले सत्रों की तरह इस सत्र में भी माननीय सदस्यगण, परिषद् सचिवालय के पदाधिकारी-कर्मचारीगण तथा मीडिया के प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा रखता हूं।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फिर आप सभी का स्वागत करता हूं।

धन्यवाद ।

अवधेश नारायण सिंह

11 मार्च, 2015